# दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड गठित

## मंत्री कुशवाह अध्यक्ष, तीन विधायक भी शामिल

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 जनवरी. राज्य शासन ने राज्य दिव्यांगजन सलाहकार बोर्ड का गठन किया है. सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह की अध्यक्षता वाले इस बोर्ड में विधायक श्रीमती प्रियंका मीणा, सुश्री मंजू राजेन्द्र दादू और गौरव सिंह पारधी को भी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है.**



यह बोर्ड दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम 2017 के अनुरूप दिव्यांगजनों के अधिकारों एवं संरक्षण के लिए सरकार का सर्वोच्च परामर्शी निकाय है. बोर्ड में दिव्यांगता एवं उनके कल्याण के लिए कार्यरत प्रतिनिधियों को भी सदस्य बनाया गया.

दिव्यांगजनों के पुनर्वास एवं कल्याण के लिये बोर्ड में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त विशेषज्ञों एवं प्रतिनिधियों को नियुक्त किया गया है, जिनमें रविन्द्र कोपरगांबकर, राजेश शुक्ला, विश्वजीत सरमंडल, श्रीमती प्रीति तांबे, जगदीश अरोरा, आशीष कट्टी, श्रीमती मिताली बनर्जी, श्रीमती गीता ढ़ीगरा, दीपक गोयल, डॉ. आकाश सेठ, सुश्री पूजा गर्ग, डॉ. सचिन श्रीवास्वत, डॉ. मनीष कुमार, सुश्री मिनी अग्रवाल, मुकुल गुप्ता, श्रीमती प्रीति सोनी, सुश्री सुषमा पटेल, सुश्री दुर्गा येवले, दीपक शर्मा, निरंजन गुजर,अशोक परियानी,अमित जैन और प्रवीण कक्कड़ शामिल हैं. आयुक्त सामाजिक न्याय इस सलाहकार बोर्ड के सदस्य सचिव होंगे.

# स्वयं पोर्टल पर जनवरी 2026 के लिए पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ

▶ विद्यार्थी करा सकेंगे पंजीयन, दिशानिर्देश जारी

**भोपाल, 22 जनवरी. महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी, उच्च गुणवत्ता, बहुविषयक एवं नवाचार आधारित शिक्षा एक ही जगह पर ऑनलाइन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार की ओर से अनेक प्रयास किए जा रहे हैं.**

स्वयं पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विषयों में उच्च गुणवत्ता वाले ऑनलाइन पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध कराए गए हैं. राष्ट्रीय शिक्षा नीति- के क्रियान्वयन के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा स्वयं पोर्टल पर विद्यार्थियों का निशुल्क पंजीयन कराया जा रहा है. प्रत्येक विद्यार्थी का स्वयं पोर्टल पर न्यूनतम एक विषय में पंजीयन अनिवार्य होगा. जनवरी 2026 के लिए पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है. विद्यार्थी अपनी रुचि व शैक्षणिक आवश्यकता के अनुरूप संबंधित पाठ्यक्रम का चयन कर पंजीयन कर सकते हैं.

> विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी एवं नोडल अधिकारी डॉ. दिवा मिश्रा ने बताया कि स्वयं पोर्टल से विद्यार्थियों को रोजगारोन्मुखी, गुणवत्तापूर्ण, बहुविषयक एवं नवाचार आधारित शिक्षा का लाभ मिलेगा, जिससे उनकी शैक्षणिक दक्षता, कौशल विकास एवं रोजगार की संभावनाओं में वृद्धि होगी. उन्होंने बताया कि पंजीयन प्रक्रिया को समय-सीमा में पूर्ण कराने के लिये सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं.

# भोपाल-देवास मार्ग की रोज होगी सफाई

## एमपीआरडीसी और पंचायत व ग्रामीण विकास के बीच एमओयू

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 जनवरी. प्रदेश के सबसे व्यस्ततम राजमार्ग में शामिल भोपाल- देवास राजमार्ग की सड़कें अब हर दिन चमकेंगी. राजमार्ग की प्रतिदिन सफाई होगी, इसके लिये मशीन का उपयोग किया जाएगा, राजमार्ग वाले निकायों और पंचायत भी बेहतर कचरा प्रबंधन करेंगे और ये सुनिश्चित करेंगे कि कचरा राजमार्ग में नहीं फैले.**

मप्र सड़क विकास निगम एमपीआरडीसी एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मध्य भोपाल-देवास राज्य राजमार्ग पर कचरा संग्रहण एवं प्रबंधन को लेकर एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए. यह एमओयू पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव एवं विकास आयुक्त श्रीमती दीपाली रस्तोगी की उपस्थिति में एमपीआरडीसी के प्रबंध संचालक भरत यादव तथा ग्रामीण विकास विभाग के संचालक छोटे सिंह ने परस्पर एमओयू किया. इस समझौते का उद्देश्य भोपाल-देवास राज्य राजमार्ग के अंतर्गत आने वाले शहरी निकायों एवं ग्राम पंचायत क्षेत्रों में फुली मैकेनाइज्ड वाहन-माउंटेड रोड वैक्यूम लिटर कलेक्शन मशीन के माध्यम से सड़क की नियमित सफाई, रख-रखाव तथा अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को प्रभावी ढंग से लागू करना है.

MPRDC

> एमओयू के तहत जिला पंचायत सीहोर परियोजना की निगरानी, विभागीय समन्वय एवं कचरा निपटान की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी. वहीं एमपीआरडीसी के टोल ठेकेदार द्वारा मशीन का संचालन, चालक तथा ऑपरेटर की तैनाती, ईंधन की व्यवस्था, मशीन का रख-रखाव तथा दैनिक रिकॉर्ड संधारण की जिम्मेदारी निभाई जाएगी.

### एक नजर में

#### भिण्ड में पटरी पर बैठी गायों को ट्रेन ने कुचला

**भिण्ड.** भिण्ड जिले के गोहद क्षेत्र में रेलवे पटरी पर बैठी गायों को एक ट्रेन ने कुचल दिया. इस दर्दनाक हादसे में 10 से 12 गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई गायें गंभीर रूप से घायल हो गईं. घटना गोहद रेलवे स्टेशन के नजदीक की बताई जा रही है. जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के इटावा से भिण्ड होते हुए ग्वालियर की ओर जा रही ट्रेन जब गोहद स्टेशन के पास पहुंची, तभी रेलवे पटरी पर बैठी गायें उसकी चपेट में आ गईं. ट्रेन की रफ्तार तेज होने के कारण चालक समय पर ब्रेक नहीं लगा सका, जिससे कई गायों की कटकर मौके पर ही मौत हो गई.

#### नेता के घर फायरिंग मामले में दो पर इनाम घोषित

**भिण्ड.** भिण्ड जिले के लहार जनपद अध्यक्ष मीना सिंह राजावत के घर पर हुई फायरिंग के मामले में भिण्ड पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने दो आरोपियों पर पांच-पांच हजार रुपये का इनाम घोषित किया है. पुलिस के अनुसार जिन आरोपियों पर इनाम रखा गया है, उनमें लहार निवासी हृदेश सिंह भदौरिया, निवासी भीकमपुरा रोड तथा वैशपुरा निवासी शिवप्रताप राजावत शामिल हैं. लहार थाना पुलिस दोनों की सरगर्मी से तलाश कर रही है. पुलिस ने बताया कि नवंबर में फायरिंग की धटना हुयी थी.

# मौसम बदला, 23-24 को बारिश की आशंका

**भोपाल, 22 जनवरी. मध्यप्रदेश में मावठा और कोहरे के बाद मौसम एक बार फिर करवट लेने वाला है. मौसम विभाग भोपाल के अनुसार 23-24 जनवरी को पश्चिमी विक्षोभ, दो साइक्लोनिक सिस्टम और वेस्टर्न डिस्टरबेंस के असर से उत्तरी जिलों में बारिश और कोहरे की संभावना है.**



गुरुवार को ग्वालियर, दतिया सहित पांच जिलों में मध्यम कोहरा दर्ज किया गया, जबकि शुक्रवार से उत्तरी मध्यप्रदेश में बादल छाए रहने और हल्की बारिश के आसार हैं. खासकर 23 जनवरी को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़ और छतरपुर में बारिश के संकेत हैं.

इन सिस्टमों के आगे बढ़ने के साथ 25 जनवरी से न्यूनतम तापमान 2 से 3 डिग्री तक गिरने की संभावना है, जिससे प्रदेश में सर्दी और तेज होगी. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार पश्चिम-उत्तर भारत और उत्तर प्रदेश के ऊपर सक्रिय दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन तथा एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस अब मध्यप्रदेश की तरफ बढ़ रहा है. इस दौरान बादल छाए रहेंगे और कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी हो सकती है.

# जेपी नड्डा का डुमना पर भव्य स्वागत

▶ लोक निर्माण मंत्री व सांसद ने केंद्रीय मंत्री से की भेंट

**जबलपुर, 22 जनवरी. भाजपा के पूर्व अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण मंत्री जगतप्रकाश नड्डा का गुरुवार को जबलपुर आगमन हुआ। डुमना विमानतल पर पार्टी के जबलपुर नगर एवं ग्रामीण के कार्यकर्ताओं द्वारा उनकी अगवानी कर भव्य स्वागत किया गया।**



केंद्रीय मंत्री नड्डा डुमना विमानतल से लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के सिविल लाइन स्थित निवास पहुंचे जहाँ जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ जनो, जिला पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्ष एवं पार्षदो से भेंट की। इसके बाद श्री नड्डा सांसद आशीष दुबे के राइट टाउन स्थित सांसद कार्यालय पहुंचे, जहाँ कार्यकर्ताओ से भेंट की।

**ये रहे उपस्थितः** डुमना विमानतल पर स्वागत के दौरान लोक निर्माण मंत्री सिंह, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, सांसद आशीष दुबे, भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी,और अन्य नेता मौजूद रहे.

#### 23 को सिटी बंगाली क्लब जाएंगे

केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा शुक्रवार 23 जनवरी को सुबह 10:30 बजे सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष पर सिटी बंगाली क्लब करमचंद चौक में आयोजित समारोह में शामिल होंगे। वे दोपहर 12:30 बजे गैरीसन ग्राउंड सदर में आयोजित मुख्यमंत्री विवाह योजना के कार्यक्रम में शामिल होंगे, इसके पश्चात दोपहर 3 बजे उजार पुरवा बलदेवबाग स्थित जल मंदिर का अवलोकन करने जायेंगे। इसके बाद श्री नड्डा शाम 6:15 बजे बजे ग्वारीघाट पहुंचेंगे जहाँ झंडा चौक से उमाघाट तक कार्यकर्ताओ द्वारा उनका भव्य स्वागत किया जाएगा. उनके अगले दिन के भी कार्यक्रम निर्धारित हैं.

# नशे के खिलाफ व्यापक कार्ययोजना तैयार

▶ पुलिस की तीन वर्षीय कार्ययोजना मिला अंतिम रूप

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 22 जनवरी. मध्य प्रदेश में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय भोपाल के कॉन्फ्रेंस रूम में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई. बैठक में प्रदेश के लिए एक व्यापक तीन वर्षीय कार्ययोजना को अंतिम रूप दिया गया.**



यह बैठक 9 जनवरी 2026 को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में हुई एपेक्स समिति की बैठक में दिए गए निर्देशों के पालन में आयोजित की गई. वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित करते हुए डीजीपी मकवाणा ने कहा कि 1 अप्रैल 2026 से आगामी तीन वर्षों तक मध्य प्रदेश, 'ड्रग फ्री इंडिया' के राष्ट्रीय लक्ष्य के अनुरूप पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी' जन-जागरूकता अभियान से समाज में व्यापक चेतना उत्पन्न हुई है, जिसे नवंबर 2025 में हुई डीजी-आईजी कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय गृहमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों से और बल मिला।

### ग्राम रोजगार सहायक रिश्वत लेते गिरफ्तार

**सिवनी.** जिले में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देशों के तहत लोकायुक्त जबलपुर इकाई ने गुरुवार को बरघाट तहसील अंतर्गत बड़ी ट्रैप कार्रवाई को अंजाम दिया. शिकायत के आधार पर आवेदक अब्दुल वाहब निवासी ग्राम साल्हे कोसमी, थाना बरघाट, जिला सिवनी की शिकायत पर यह कार्रवाई की गई. शिकायत में बताया गया कि उसकी पत्नी सबीना बी के नाम से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास योजना में सबसे पहले नाम जोड़ने एवं 1 लाख 50 हजार रुपये की आवास राशि शीघ्र आवंटित कराने के बदले आरोपी 5 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा है. उसे 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा.

# आनंदपुर धाम पर एसआईटी जांच की मांग

## पूर्व ट्रस्ट सदस्य ने लगाए गंभीर आरोप

विशेष संवाददाता

**भोपाल,22 जनवरी. अशोकनगर जिले के ईसागढ़ क्षेत्र में स्थित आनंदपुर धाम ट्रस्ट को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं. ट्रस्ट के पूर्व सदस्य एवं प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने मध्यप्रदेश के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर ट्रस्ट की गतिविधियों की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच की मांग की है.**



अपने पत्र में अहिरवार ने आरोप लगाया है कि आनंदपुर धाम में लंबे समय से आपराधिक और असंवैधानिक गतिविधियां संचालित हो रही हैं, लेकिन बार-बार शिकायतों के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई. उन्होंने दावा किया कि ट्रस्ट परिसर में नगर प्रशासन की अनुमति के बिना बड़े-बड़े गुप्त तहखानों का निर्माण किया गया है, जिनका उपयोग अवैध गतिविधियों के लिए किए जाने की आशंका है.

> पत्र में युवक-युवतियों के साथ शारीरिक व मानसिक शोषण, तथा दलित, आदिवासी और पिछड़े वर्ग के लोगों की जमीनों पर अवैध कब्जे और अनैतिक खरीद-फरोख्त के आरोप भी लगाए गए हैं. अहिरवार ने कहा कि इन मामलों से जुड़े पीड़ितों के बयान, वीडियो साक्ष्य और दस्तावेज उपलब्ध हैं, इसके बावजूद स्थानीय पुलिस की भूमिका पर सवाल उठते हैं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कुछ लोगों को बिना कानूनी प्रक्रिया के पंजाब, कर्नाटक सहित अन्य राज्यों में भेजा गया, जिससे मानव तस्करी की आशंका पैदा होती है.

# गणतंत्र दिवस पर 2 प्रगतिशील कृषकों का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

**आगर-मालवा, 22 जनवरी. मध्यप्रदेश के आगर-मालवा जिले के दो प्रगतिशील कृषकों का चयन गणतंत्र दिवस समारोह 2026 के अवसर पर नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए विशेष अतिथि के रूप में हुआ है.**

इसके तहत जिले की सोयतकलां निवासी अवंतीबाई कुशवाह एवं ग्राम आक्याखेड़ी निवासी अंगूरबाला शर्मा को गणतंत्र दिवस समारोह के साक्षी बनने हेतु आमंत्रित किया गया है. यह चयन जिले के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है. राष्ट्रीय पर्व के इस भव्य आयोजन में देशभर से चयनित विशिष्ट अतिथियों के साथ आगरमालवा जिले का प्रतिनिधित्व होना, जिले के कृषकों की मेहनत, नवाचार एवं उत्कृष्ट कृषि कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर मिली मान्यता को दर्शाता है. चयनित दोनों कृषकों ने आधुनिक कृषि तकनीकों, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, वैज्ञानिक पद्धतियों एवं सतत कृषि मॉडल को अपनाकर न केवल अपनी कृषि आय में उल्लेखनीय वृद्धि की है, बल्कि क्षेत्र के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बने हैं.

# 23 से 26 जनवरी तक रेलवे पार्सल बुकिंग बंद

## गणतंत्र दिवस पर सुरक्षा अलर्ट

**भोपाल,22 जनवरी. गणतंत्र दिवस समारोह के मद्देनजर दिल्ली क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन ने दिल्ली के लिए पार्सल बुकिंग पर अस्थायी प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है. पश्चिम मध्य रेल, भोपाल मंडल के अनुसार यह प्रतिबंध 23 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा और यह आदेश भोपाल मंडल सहित सभी संबंधित रेल मंडलों पर समान रूप से लागू होगा.**




रेलवे के निर्देशों के तहत नई दिल्ली, दिल्ली जंक्शन, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार टर्मिनल, दिल्ली सराय रोहिल्ला और आदर्श नगर दिल्ली स्टेशनों के लिए सभी प्रकार के पार्सलों के लेन-देन पर रोक रहेगी. इस अवधि में पार्सल गोदामों का संचालन भी बंद रहेगा तथा रेलवे पार्सल पैकेजिंग से जुड़ी सभी गतिविधियां स्थगित रहेंगी.

इसके अलावा, सभी स्टेशनों पर लीज पर दिए गए एसएलआर, एजीसी और वीपीएस के माध्यम से होने वाले अंदर और बाहर के समस्त पार्सल ट्रैफिक पर भी प्रतिबंध लागू रहेगा. यात्रियों को इस दौरान यात्री कोचों में केवल व्यक्तिगत उपयोग का सामान ही ले जाने की अनुमति होगी. हालांकि, पंजीकृत समाचार पत्रों और पत्रिकाओं की बुकिंग आवश्यक वाणिज्यिक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद की जा सकेगी.

#### अनारक्षित टिकट पर तीन प्रतिशत छूट

रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए भारतीय रेलवे द्वारा विकसित एकीकृत मोबाइल ऐप यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है. इस ऐप के माध्यम से अब आरक्षित एवं अनारक्षित टिकट, प्लेटफॉर्म टिकट बुकिंग, पीएनआर स्थिति, लाइव ट्रेन स्टेटस, ट्रेन खोज, कोच व सीट लोकेशन तथा ट्रेन में भोजन बुकिंग जैसी अनेक सेवाएं एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं.




# दिल्ली में कर्तव्यपथ में दिखेगी लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की झांकी

▶ गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होगी मप्र की झांकी

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 22 जनवरी. लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के अवसर पर नई दिल्ली के कर्तव्यपथ में आयोजित गणतंत्र दिवस परेड-2026 में मध्यप्रदेश की भव्य झांकी शामिल होगी झांकी में पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर के गौरवशाली व्यक्तित्व, सुशासन, आत्मनिर्भरता, नारी सशक्तीकरण और सांस्कृतिक संरक्षण को सशक्त रूप से प्रदर्शित किया जायेगा.**

झांकी के अग्र भाग में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की चिर-परिचित प्रतिमा को दर्शाया गया है, जिसमें वे हाथ में शिवलिंग धारण किए पद्मासन में विराजमान हैं. यह दृश्य भारतीय मातृशक्ति की सौम्यता, गरिमा और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है. झांकी के मध्य भाग में लोकमाता अहिल्याबाई अपने मंत्री-गण एवं सैनिकों के साथ दिखाई गई हैं, जो उनके सुदृढ़ प्रशासन और न्यायप्रिय शासन व्यवस्था को दर्शाता है. इसके निचले हिस्से में उनके शासनकाल में होल्कर साम्राज्य द्वारा किए गए मंदिरों के जीर्णोद्धार एवं निर्माण कार्यों का चित्रण है, जहां एक सैनिक पहरा देते हुए सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा का संदेश देता है.

#### महेश्वर घाट स्थित मंदिरों के शिखर भी दिखेंगे

अंतिम भाग में देवी अहिल्याबाई की राजधानी महेश्वर के प्रसिद्ध घाट, मंदिर एवं किले को प्रदर्शित किया गया है. नीचे पवित्र नर्मदा नदी, घाट एवं नौकाओं का दृश्य अंकित है. झांकी के अंतिम छोर पर महेश्वर घाट स्थित मंदिरों के शिखर दिखाई देते हैं. वहीं भित्तिचित्रों में लोकमाता अहिल्याबाई के मार्गदर्शन में महिलाएं प्रसिद्ध महेश्वरी साड़ी की बुनाई करती हुई नजर आती हैं, जो उनके काल में नारी सशक्तीकरण, स्वदेशी उत्पादन और आत्मनिर्भरता का सशक्त प्रमाण है. झांकी के साथ चलते लोक कलाकारों का पारंपरिक नृत्य, इस प्रस्तुति को जीवंत, रंगीन और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली बनाता है.

### वाइब्रेंट थीम पर होगा राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव

**भोपाल.** वाइब्रेंट थीम पर 30 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाला राज्य स्तरीय पुष्प महोत्सव बहुउद्देशीय होगा. पुष्प महोत्सव के भव्य आयोजन के लिये तैयारियों की समीक्षा बैठक आयुक्त अरविंद दुबे की अध्यक्षता में आयोजित की गई. इसमें राज्य स्तरीय रोज सोसायटी के प्रदेश अध्यक्ष सच्चिदानंद गर्दे सहित अन्य पदाधिकारी और विभागीय अधिकारी उपस्थित थे. आयुक्त श्री दुबे ने कहा कि प्रदेश में फूलों की व्यावसायिक खेती को बढ़ावा देने और कृषकों की आय में वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिये पुष्प महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है. राज्य सरकार वर्ष 2026 को कृषि वर्ष के रूप में मना रही है. इसमें कृषि, एवं उद्यानिकी फसल उत्पादन और फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना सरकार का मूल लक्ष्य है.

मतदाता ज्ञापन | मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर कांग्रेस की सक्रियता बरकरार

# कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने निर्वाचन आयोग को सौंपा ज्ञापन

विशेष संवाददाता

**भोपाल. 22 जनवरी. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के नेतृत्व में गुरुवार को भोपाल स्थित निर्वाचन आयोग कार्यालय पहुँचा और मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया में कथित गंभीर अनियमितताओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा.**




प्रतिनिधिमंडल में विधायक आरिफ मसूद और आतिफ अकील, पूर्व मंत्री पी.सी. शर्मा, मीडिया विभाग अध्यक्ष मुकेश नायक, प्रदेश सेवा दल अध्यक्ष अवनीश भार्गव, वरिष्ठ नेता जे.पी. धनोपिया, भोपाल शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीन सक्सेना, भोपाल ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनोखी पटेल, नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष सविता जकी, प्रवक्ता शेरयार खान, अभिनव बरोलीया, विक्रम चौधरी, राहुल राज सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे. निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से चर्चा करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि मतदाता सूची में लगभग 11 लाख नए नाम जोड़े जाने और कांग्रेस समर्थक बताए जा रहे लाखों मतदाताओं के नाम हटाए जाने की खबरें अत्यंत चिंताजनक हैं. उन्होंने इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध बताते हुए नागरिकों के मताधिकार को कमजोर करने का प्रयास करार दिया.

> पटवारी ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग के नियमों में एक व्यक्ति द्वारा सीमित संख्या में आपत्तियाँ दर्ज करने का प्रावधान है, इसके बावजूद कई जिलों से ऐसे मामले सामने आए हैं जहाँ एक ही व्यक्ति ने 200 तक आपत्तियाँ दर्ज कराईं, जिससे प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होते हैं. उन्होंने भाजपा के बूथ स्तरीय एजेंटों पर कुछ बूथ लेवल अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर मतदाताओं से जबरन फॉर्म-7 भरवाने का भी आरोप लगाया. पटवारी ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई, उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच और निर्वाचन आयोग के नियमों के कड़ाई से पालन की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस हर नागरिक के मताधिकार की मजबूती से रक्षा करेगी.